तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

14 बरेंबेड़ा में दो परिवारों का कथित गांव निकाला...



14 एक पेड़ माँ के नाम के तहत आत्मानंद स्कूल में...








## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब बरामद एक युवक गिरफ्तार



**कांकेर।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दमकसा चौकी अंतर्गत स्कूलपारा दमकसा निवासी 25 वर्षीय शिवकुमार ऑचला पिता सगनू राम ऑचला को पकड़ा। मुखबिर की जानकारी पर स्कूलपारा दमकसा में दबिश देकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 पौवा गोवा व्हिस्की एवं 01 पौवा गोल्ड स्ट्रिंग कुल कीमत 1 हजार 40 रुपये बरामद की गई। आरोपी शराब बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गोस्वामी समाज की पूर्णिमा पूजा 29 को

**कांकेर।** जिला गोस्वामी समाज द्वारा 29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भंडारिपारा समाजिक भवन में सुबह 9 बजें भगवान शिव, आदि गुरू शंकराचार्य व दत्तात्रेय की पूजा होगी। इसके बाद सामाजिक परिचर्चा होगी।

## एनजीटी प्रतिबंध के बावजूद दिनदहाड़े 500 ट्रैक्टर का हो रहा अवैध उत्खनन

# खनिज विभाग की ड्रोन निगरानी बेअसर महानदी का सीना चीर रहे रेत माफिया

*ड्रोन निगरानी, बढ़े हुए जुर्माने और एनजीटी के सख्त निर्देशों के बावजूद कांकेर जिले में अवैध रेत खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है। हालात यह हैं कि चारामा क्षेत्र से होकर बहने वाली महानदी का सीना दिनदहाड़े चीरकर रेत निकाली जा रही है, जबकि रात होते ही यही रेत हाईवा वाहनों के जरिए विभिन्न स्थानों तक पहुंचाई जा रही है। खनिज विभाग द्वारा ड्रोन से निगरानी और सख्त कार्रवाई के दावों के बीच रेत माफियाओं की सक्रियता यह सवाल खड़ा कर रही है कि आखिर निगरानी व्यवस्था जमीन पर कितनी प्रभावी है।*

### रेत माफियाओं के हौसले बुलंद

*बताया जा रहा है कि दिनभर ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत निकालकर विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से डंप किया जाता है। इसके बाद रात के अंधेरे में हाईवा वाहनों के जरिए बड़े पैमाने पर उसका परिवहन किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में अवैध डंपिंग स्थल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन डंपिंग स्थलों की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। यही कारण है कि रेत कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।*

### दिन में डंप की गई रेत रात में हो रहा जिले के बाहर परिवहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत के उत्खनन और परिवहन पर प्रतिबंध रहता है। इसका उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान नदी तंत्र, जल प्रवाह और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा करना है। इसके बावजूद कांकेर जिले की महानदी सहित अन्य नदियों में प्रतिबंध अवधि के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार जिले में प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रैक्टर रेत विभिन्न नदियों से निकाली जा रही है। इनमें अकेले चारामा क्षेत्र की महानदी से लगभग 200 ट्रैक्टर रेत प्रतिदिन निकाले जाने का दावा किया जा रहा है। शनिवार 18 जुलाई को सराधुनवागांव और खरथा क्षेत्र में इसका नजारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### महानदी व अन्य नदियों को बचाने मॉंग की

*स्थानीय नागरिकों ने खनिज विभाग से मांग की है कि केवल ड्रोन निगरानी के दावे करने के बजाय मौके पर लगातार संयुक्त अभियान चलाकर अवैध उत्खनन, डंपिंग और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध रेत कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि महानदी और जिले की अन्य नदियों को अवैध खनन से बचाया जा सके।*

### कार्रवाई जारी रहेगी

*जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि खबर मिलते ही शनिवार 18 जुलाई को सराधुनवागावं में एक ट्रैक्टर अवैध परिवहन करते हुए पकड़ाया और अवैध भंडारण का एक प्रकरण दर्ज किया गया है। एनजीटी के द्वारा प्रतिबंध लगा हुआ है, ऐसे समय नदी से उत्खनन व परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। हमारी टीम लगातार भ्रमण करके कार्रवाई कर रही है।*

## बिजली बिल दुगुना होने पर दुर्गूकोदल के उपभोक्ता परेशान, जांच की मांग

### व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने बिलिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता पर उठाए सवाल



स्मार्ट मीटर पर बढ़ा बवाल, खपत वही, फिर बिल इतना ज्यादा क्यों


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुगूकोंदल

दुर्गूकोंदल क्षेत्र में स्मार्ट बिजली मीटर अब सुविधा से अधिक विवाद का विषय बनते जा रहे हैं। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिना बिजली खपत बढ़े ही उनके बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। बढ़ती महंगाई के बीच दोगुने तक पहुंचे बिजली बिलों ने आम नागरिकों और छोटे व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से स्मार्ट मीटरों की तकनीकी कार्यप्रणाली, रीडिंग सिस्टम और बिलिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

दुर्गूकोंदल क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं का असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले की तुलना में काफी अधिक आने लगे हैं, जबकि बिजली की खपत में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। दुर्गूकोंदल व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, विनोद पारख, ओम दुग्गा, बीएन राय सहित अन्य ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नयापारा भिरौद स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थिति गंभीर

# जर्जर भवन के कारण निजी मकान में संचालित सरकारी स्कूल में पढ़ाई ठप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के सरकारी दावों के बीच दुधावा क्षेत्र के नयापारा भिरौद स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। विद्यालय का भवन पिछले करीब दो वर्षों से जर्जर होने के कारण अनुपयोगी हो चुका है, जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई गांव के एक निजी मकान में कराई जा रही है। सीमित जगह और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि ग्रामीण लंबे समय से नए भवन की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवन की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं और छत से प्लास्टर गिरने लगा है। बरसात के दौरान भवन में पढ़ाई कराना जोखिम भरा होने के कारण इसे असुरक्षित मानते हुए स्कूल को निजी मकान में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, इसके बाद भी नए भवन के निर्माण या पुराने भवन की मरम्मत के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। निजी मकान में संचालित हो रहे विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक साथ बैठाकर पढ़ाया जा रहा है, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। परिसर में खेल मैदान का अभाव है, वहीं स्वच्छ पेयजल और व्यवस्थित शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं ▶▶| शेष पेज 12 पर

### प्रशासन को भेजा प्रस्ताव

ग्राम पंचायत भिरौद की सरपंच लता नेताम ने बताया कि भवन की मरम्मत के संबंध में उपसरपंच को जानकारी दी गई थी, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि पंचायत की ओर से प्रस्ताव तैयार कर नए विद्यालय भवन के निर्माण के लिए शासन को मांग भेजी जाएगी।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र नए विद्यालय भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित, सुविधायुक्त और गरिमापूर्ण वातावरण में शिक्षा मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## लखनपुरी बाजार चौक में बाइक की टक्कर से एक युवक घायल

पीछे से टक्कर लगने से सड़क पर गिरा बाइक सवार

### उपचार के बाद चारामा थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लखनपुरी बाजार चौक में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाना एक बार फिर हादसे की वजह बन गया। पीछे से आई तेज गति की मोटरसाइकिल ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।



राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद पीड़ित ने थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झिपाटोला निवासी 42 वर्षीय हेमराज मरकाम ने थाना चारामा में दर्ज शिकायत में बताया कि 15 जुलाई को दोपहर लगभग 12 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 7298 से लखनपुरी लैंपस की ओर जा रहे थे, जब वह लखनपुरी बाजार चौक के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एनयू 2819 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हेमराज मरकाम सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उनके दोनों कंधों, दोनों घुटनों, हाथ की कोहनी तथा कमर में चोटें आईं। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए उन्हें लखनपुरी ▶▶| शेष पेज 12 पर







### शराब जब्त,आरोपी जमानत पर रिहा



कांकेर। अंतागढ़ पुलिस ने ग्राम तहकाल में अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 2.100 लीटर हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब एवं बिक्री की 300 रुपये की राशि जब्त की है। मुखबिर की जानकारी पर पुलिस टीम ने आरोपी तहकाल पटेलपारा निवासी 33 वर्षीय शीतल कुमार गावड़े के घर बाड़ी में छापेमारी की। तलाशी के दौरान लकड़ी के ढेर में छिपाकर रखी गई तीन बोतल महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध थाना अंतागढ़ में धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### मासूम से छेड़छेड़ा, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना रावघाट क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिक बालिका उम्र 6 वर्ष के साथ आरोपी प्रभाकर मिश्रा के द्वारा छेड़खानी कर भाग जाने की रिपोर्ट प्रार्थिया के द्वारा 15 जुलाई को दर्ज कराई गई। जिस पर थाना रावघाट में आरोपी के विरूद्व अपराध पंजीबद्व कायम कर विवेचना में लिया गया। माामलें का फरार आरोपी की पता साजी के लिए पृथक-पृथक टीम गठित कर पता तलाश शुरू की गई। आरोपी प्रभाकर मिश्रा के द्वारा अपना मोबाईल बंद कर दिया गया था और बीच-बीच में मोबाईल चालू कर रहा था, जिस पर तकनीकी विश्लेषण की सहायता से आरोपी की पता साजी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी प्रभाकर मिश्रा से पूछताछ के दौरान अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### पंचायतों में 20 को विशेष ग्राम सभाएं

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 20 जुलाई को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। ग्राम सभा में मिशन के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों की स्वीकृति तथा पंचायतों की प्राथमिक आवश्यकताओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। जिला पंचायत ने सभी संबंधित अधिकारियों को पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति, ग्राम सभाओं का सुव्यवस्थित आयोजन तथा निर्धारित समय-सीमा में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा।

### आमाकड़ा के शाला प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आमाकड़ा में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव, सरस्वती साइकिल वितरण एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने कहा कि साइकिल मिलने से विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी। मुख्य अतिथि सुलोचना सोमदेव कोरेटी ने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और लगन को सफलता की कुंजी बताते हुए शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया।

# बिजली बिल भुगतान में देरी होने पर एकमुश्त नहीं, प्रतिदिन के हिसाब से लगेगा सरचार्ज

## जितने दिन की देरी उतना ही सरचार्ज, असुविधा से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


बिजली बिल देरी से जमा करने वालों को अब एकमुश्त सरचार्ज की बजाय प्रतिदिन के हिसाब से सरचार्ज देना होगा। छग राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा यह नई व्यवस्था लागू किए जाने से देर से बिजली बिल चुकाने वालों को अधिक सरचार्ज जमा करने की असुविधा से निजात मिलेगी। पूर्व में उपभोक्ताओं को बिल अदा करने में एक दिन भी देरी होने पर माह भर का 1.5 प्रतिशत चुकाना पड़ता था।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं की समस्याओं और शिकायतों को देखते हुए विद्युत नियामक आयोग ने लागू नए टैरिफ में विलंब सरचार्ज की व्यवस्था में बदलाव करते हुए राहत प्रदान की है। पुरानी व्यवस्था में यदि कोई उपभोक्ता नियत तिथि के बाद महज एक या दो दिन की देरी से भी बिजली बिल का भुगतान करता था, तो उससे पूरे महीने का 1.5 प्रतिशत सरचार्ज वसूल लिया जाता था। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदेह थी। आयोग ने प्रतिदिन का सरचार्ज 0.04 प्रतिशत निर्धारित किया है।

संशोधित नियमों के बाद अब लेट फीस की गणना 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से की जाएगी अर्थात उपभोक्ता जितने दिन बिल अदा करने में देरी करेगा, उसे केवल उतने ही दिनों का शुल्क देना होगा।

**सरचार्ज में राहत**

यदि किसी कारणवश उपभोक्ता बिल के भुगतान में केवल एक दिन का विलंब करता है, तो अब पूरे महीने का सरचार्ज नहीं, बल्कि मात्र 0.04 प्रतिशत अधिभार ही देय होगा। विलंब सरचार्ज की नई व्यवस्था 1 जुलाई से लागू हो चुकी है। प्रतिदिन के अधिभार राशि में भी 0.01 प्रतिशत की कमी लागू की गई है।



**महीनेभर की देरी पर अब लगेगा कम अधिभार**

यदि कोई उपभोक्ता पूरे 30 दिन का भी विलंब करता है, तब भी कुल अधिभार केवल 1.2 प्रतिशत (0.04 प्रतिशत x 30 दिन) ही बनेगा, जो कि पुरानी व्यवस्था के 1.5 प्रतिशत से काफी कम है। उपभोक्ताओं की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए नियामक आयोग ने सरचार्ज व्यवस्था में बदलाव किया है, यह उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है।

## पीछे के दरवाजा को खोलकर घर में घुसे चोर, आलमारियों के ताले तोड़कर लाखों का माल समेटा

# चारामा के सूने मकान में लाखों की चोरी जेवर और नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा नगर में चोरों ने एक बार फिर पुलिस और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पारिवारिक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर बाहर गए परिवार की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने सूने मकान में धावा बोल दिया। बदमाश पीछे का दरवाजा खोलकर घर में घुसे और दोनों कमरों की आलमारियों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी है।

■ शोक कार्यक्रम में शामिल होने गया था परिवार

चारामा नगर के वार्ड क्रमांक-2 निवासी पंकज मेश्राम ने थाना चारामा में दर्ज शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ 15 जुलाई को धमतरी जिले के दानीटोला में आयोजित पारिवारिक शोक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। घर में ताला लगा होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर पीछे का दरवाजा खोलकर मकान के भीतर प्रवेश कर गए। 17 जुलाई की सुबह एक पड़ोसी ने मोबाइल पर जानकारी दिया कि उनके घर का पिछला दरवाजा खुला हुआ है और चोरी होने की आशंका है। जानकारी मिलते ही परिवार तत्काल चारामा पहुंचा। घर पहुंचने पर देखा कि दोनों कमरों की आलमारियों के ताले टूटे हुए थे और उनमें रखा कीमती सामान गायब था। घर का सामान बिखरा पड़ा था, जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि चोरों ने इत्मीनान से पूरे मकान की तलाशी ली। चोरी हुए सामान में लगभग आधा किलो चांदी का डल्ला, कई जोड़ी चांदी की पायल, कड़े, करधन, सोने के झुमके, चैन, अंगूठियां, बच्चों के लॉकेट, मंगलसूत्र, सोने के सिक्के, नथ, फुल्ली तथा करीब 45 हजार रुपए नकद शामिल हैं। पीड़ित की लिखित शिकायत पर चारामा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (ए) एवं 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा संदिग्धों की तलाश के साथ घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।





## नगर पंचायत भानुप्रतापपुर को मिले तीन नए एल्डरमेन, दिलाई गई शपथ



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में शुक्रवार को नवनियुक्त एल्डरमेन हेमप्रकाश शिवहरे, जुगल किशोर शर्मा एवं संगीता टांडिया का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम गंगाधर वाहिले ने तीनों मनोनीत एल्डरमेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त एल्डरमेन का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि नगर पंचायत का विकास सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नवनियुक्त एल्डरमैन को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे जनता और नगरहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकासशील नगर का निर्माण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है तथा प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय सहयोग देना चाहिए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि नगर पंचायत के नवनियुक्त एल्डरमैन अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा और उनकी स्वच्छता बनाए रखना केवल शासन-प्रशासन की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। भानुप्रतापपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर लगातार प्रयास जारी रहेंगे और इस दिशा में हर संभव पहल की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों एवं सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर वे भानुप्रतापपुर के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर नगर के विकास को नई दिशा देने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

समारोह में जिला महामंत्री राजा पाण्डेय, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राघव श्रीवास्तव तथा नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद गुमान ठाकुर, रजिंदर कौर रंधावा, राजकुमार यादव, राजीव श्रीवास, जगन्नाथ साहू, ज्वाला जैन, वरुण खापर्डे, प्रदीप जैन, राकेश रमानी, मोहन हरद्वानी, अनंत गोपाल कोठारी, आनंद जैन, नरेन्द्र शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय में पौधारोपण कर छात्रों ने सुरक्षा की ली शपथ




**दुर्गुकोंदल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, बीएसएफ के जवानों तथा पुलिस अधिकारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और समाज में हरियाली बढ़ाने का संदेश देना था। कार्यक्रम में सीओ रविभूषण एवं थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बीएसएफ और पुलिस बल के जवानों के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के लिए पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर सीओ रविभूषण ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत का महत्व बताते हुए जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं थाना प्रभारी सुनील दुबे ने साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, यातायात नियमों के पालन तथा बाल अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या साइबर ठगी की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी के अध्यक्ष अशोक जैन, बीएसएफ एवं पुलिस के जवान, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## बिरनपुर स्कूल परिसर में छाया और फलदायी पौधों का रोपण



**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिरनपुर में शनिवार को एक पेड़ माँ के नाम 3.0 अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया।

अभियान के तहत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। अतिथियों ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जाए। विद्यालय के बाल कैबिनेट की प्रधानमंत्री भवानी नेताम और दिलेश्वरी यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। बच्चों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान निरंतर संचालित करने की बात कही।

## संकुल स्तरीय बैठक में शिक्षण गुणवत्ता और नवप्रवेश पर जोर

*आधार अपडेट करने का दिया गया निर्देश*

**चारामा।** संकुल केंद्र शासकीय हाईस्कूल परसोदा में शनिवार को आयोजित संकुल स्तरीय बैठक में विद्यालयों की शिक्षण गुणवत्ता, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारियों तथा विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अद्यतन सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि सहायक खंड शिक्षा अधिकारी उमेश यादव ने विद्यालयों में संचालित शिक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण, नियमित एवं परिणामोन्मुख शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धियों में सुधार के लिए नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने, नियमित मूल्यांकन करने तथा विद्यालयों में सतत शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक का शुभारंभ संकुल समन्वयक कमलेश गावड़े द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के परिचय के साथ किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों के आवेदन निर्धारित समय-सीमा में भरवाने के निर्देश संस्था प्रमुखों को दिए गए। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अद्यतन की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत आधार अपडेट सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि सभी विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। जिन विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनके संबंध में आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने तथा पालकों से संपर्क कर प्रमाण-पत्र बनवाने में सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए।



## पेज 11 के शेष

### खनिज विभाग की ड्रोन...

देखने को मिला, जहां सुबह करीब आठ बजे एनीकट से लेकर खरथा तक करीब 15 ट्रैक्टर नदी के भीतर खड़े होकर मजदूरों के माध्यम से रेत निकालते दिखाई दिए। हाराडुला में एनीकट से महज 20 मीटर की दूरी पर भी रेत का उत्खनन किया जा रहा था, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की ओर संकेत करता है।

### बिजली बिल दुगुना...

उपभोक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र के अनेक परिवारों को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं। उनका कहना है कि दैनिक उपयोग में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, फिर भी बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि समझ से परे है। इससे स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली और बिलिंग व्यवस्था को लेकर लोगों के मन में संदेह उत्पन्न हो रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से मांग की है कि स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जांच, रीडिंग सिस्टम और बिल तैयार करने की प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। साथ ही प्रत्येक उपभोक्ता को यह स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि उसके बिजली बिल की गणना किन मानकों के आधार पर की गई है। नागरिकों का कहना है कि यदि जांच में स्मार्ट मीटर पूरी तरह सही पाए जाते हैं तो विभाग को जनजागरूकता अभियान चलाकर उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान करना चाहिए। यदि कहीं तकनीकी गड़बड़ी, मीटर की खराबी या बिलिंग प्रक्रिया में त्रुटि सामने आती है तो उसका शीघ्र निराकरण किया जाए।

### जर्जर भवन के कारण...

हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पालकों ने बताया कि वे कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। उनका कहना है कि बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है। विद्यालय के प्रधान पाठक जुमर सिंह नेताम ने बताया कि स्कूल भवन पिछले दो वर्षों से जर्जर अवस्था में है। इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक न तो भवन की मरम्मत कराई गई और न ही नए भवन निर्माण की दिशा में कोई ठोस प्रयास हुआ।

### लखनपुरी बाजार चौक...

स्थित एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल होने के कारण हेमराज मरकाम तत्काल थाना नहीं पहुंच सके। उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्होंने 17 जुलाई को थाना चारामा पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है तथा लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन सावधानीपूर्वक चलाने की अपील की है।

## एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक की अवधि तय

# धान बेचने ऋण पुस्तिका में शामिल सभी सदस्यों का पोर्टल पंजीयन अब अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर धान बेचने की आस लगाए बैठे किसानों के लिए एक बड़ी और बेहद जरूरी खबर है। सरकार ने इस बार धान खरीदी की पूरी व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन के नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब तक चली आ रही पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए शासन ने नया नियम लागू किया है, जिसके तहत एक ऋण पुस्तिका में जितने भी सदस्यों के नाम दर्ज हैं, उन सभी का पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी एक सदस्य का भी पंजीयन छूटा, तो धान बेचने में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार इस बार केवल नियम ही नहीं बदले हैं, बल्कि पंजीयन करने वाली एजेंसी में भी तब्दीली की गई है। बीते वर्ष तक जहां कृषि विभाग एग्री स्टैक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की पूरी कमान संभाल रहा था, वहीं इस साल यह जिम्मेदारी सहकारी समितियों और राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से सौंपी गई है। दोनों विभाग मिलकर आपसी समन्वय से गांवों में जाकर किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करेंगे। शासन द्वारा एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन पूरा करने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। कृषि विभाग और राजस्व अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना, अपनी ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी सदस्यों के आवश्यक दस्तावेजों के साथ नजदीकी सहकारी समिति या निर्धारित केंद्रों में जाकर अपना पंजीयन जल्द से जल्द पूरा करा लें, ताकि ऐन वक्त पर धान बेचने में कोई असुविधा न हो।




### अधिया व रेगहा वालों का ऐसा पंजीयन

यदि कोई किसान की 10 एकड़ जमीन है और वह छत्तीसगढ़ से बाहर रहता है। उसने अधिया या रेगहा पर कृषि जमीन ली है तो कृषि जमीन के मालिक और अधिया रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट की कापी एग्री स्टैक पोर्टल में अपलोड करना होगा। इसका सत्यापन राजस्व विभाग से जुड़े पटवारी व अधिकारी करेंगे, जिस खसरा नंबर पर जमीन है, उसका भुइँया पोर्टल में अपलोड कर पुष्टि की जाएगी। धान बेचने पर रेगहा व अधिया लेने वाले किसान के खाते में ही पैसा आएगा।

**एक ऋण पुस्तिका में 4 पंजीयन**

उदाहरण के तौर पर एक किसान के चार पुत्र हैं। किसान की मृत्यु हो गई और उनके चारों पुत्रों के नाम पर पावती आ गई, लेकिन नामांतरण नहीं हुआ है। उस स्थिति में किसान के एक ऋण पुस्तिका में उनके चारों पुत्रों का नाम आएगा। चारों के नाम से एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन करवाया जाएगा।

**अलग-अलग स्थानों पर जमीन है तो भी एक आईडी**

यदि किसी किसान का जमीन तीन स्थानों में है तो एक ही आईडी बनेगा, लेकिन खाते में तीन लोगों का नाम दर्ज है तो सभी का यूनिक आईडी बनेगा। नियमानुसार पंजीयन के बाद पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध कराने शासन स्तर से निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों की सभी तरह की जानकारी दर्ज हो रही है। एक तरह से यह किसानों की डिजीटल कुंडली का काम करेगा।

## खबर संक्षेप

### मरादाह स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण



**उमरादाह।** शाउमावि उमरादाह में शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य मोहम्मद असलम के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन, स्वच्छ वायु, वर्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपने जीवन में कम से कम तीन पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने घरों और आसपास एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण करने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस, स्काउट-गाइड एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रशांत भास्कर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष कोमल नेवला, रामदेव नाग, डीडी भारद्वाज, ओंकार जैन, रघुनंदन पटेल, उदेराम यादव, जागेश्वरी ध्रुव, पूनम कुमारी, पूजा गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुरालठेमली स्कूल की छात्राओं को दी गई निःशुल्क सायकिल




**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के शाउमावि एवं शासकीय हाई स्कूल कुरालठेमली में शनिवार को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क सायकलों का वितरण किया गया तथा विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य मोनिका नेताम, सरपंच कचरी बाई नेताम, उपसरपंच शिशुपाल ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पात्र छात्राओं को सायकल वितरित की। ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए यह योजना शिक्षा की राह को आसान बनाने वाली साबित होगी, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और समय की बचत होगी। जनपद सदस्य मोनिका नेताम ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने छात्राओं से मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पौधरोपण किया तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य ताराचंद सिन्हा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## समस्या : भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे पर राहत नहीं

# बोरा ढुलाई का भुगतान अटका, कर्ज में डूबे ट्रैक्टर संचालक, बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल




कोंडे क्षेत्र में बोरा ढुलाई कार्य करने वाले ट्रैक्टर संचालकों को अब तक भुगतान नहीं मिलने से उनकी आर्थिक परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। समय पर मेहनताना नहीं मिलने से कई संचालक कर्ज के बोझ तले दब गए हैं और भुगतान की आस में संबंधित विभाग एवं कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे वाहन संचालन के साथ-साथ परिवार का खर्च चलाना भी उनके लिए कठिन होता जा रहा है।

ट्रैक्टर संचालक लक्ष्मण आचला एवं अन्य वाहन मालिकों ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार उन्होंने बोरा ढुलाई का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया। कार्य के दौरान डीजल, वाहन रखरखाव और चालक का खर्च स्वयं वहन करना पड़ा। कई संचालकों ने डीजल भरवाने और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए उधार लिया था। उन्हें उम्मीद थी कि कार्य पूरा होने के बाद शीघ्र भुगतान मिल जाएगा, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी राशि जारी नहीं होने से वे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। संचालकों का कहना है कि भुगतान में देरी के कारण लिए गए कर्ज का ब्याज लगातार बढ़ रहा है। जिन पेट्रोल पंपों और परिचितों से उधार लिया गया था, वे अब राशि लौटाने का दबाव बना रहे हैं। कई बार विभागीय कार्यालय में जानकारी लेने के बावजूद उन्हें केवल जल्द भुगतान का आश्वासन ही मिल रहा है। ट्रैक्टर मालिकों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से लंबित भुगतान तत्काल जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर मेहनताना मिलना उनका अधिकार है और भुगतान में देरी से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मिश्रा ने बताया कि बोरा ढुलाई भुगतान की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्द ही ट्रैक्टर संचालकों के खातों में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने हितग्राहियों से धैर्य रखने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि भुगतान में अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा। विभाग के इस भरोसे के बाद ट्रैक्टर संचालकों को शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## महिला सुरक्षा व साइबर जागरूकता पर 300 छात्राओं को मिली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय अंतागढ़ में महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्राओं ने भाग लेकर महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और आपातकालीन सहायता सेवाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं की जानकारी देना था। महिला रक्षा टीम ने संवादात्मक तरीके से छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल अपराध, महिला सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप तथा विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान साइबर टीम ने बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति छात्राओं को सचेत करते हुए डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी लिंक, लॉटरी एवं नौकरी के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। छात्राओं को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से सोशल मीडिया पर मित्रता न करें तथा ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, यूपीआई पिन या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन एवं संबंधित सुरक्षा सेवाओं का उपयोग करें। साथ ही वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज को भी सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक करें। कार्यक्रम में थाना अंतागढ़ से उप निरीक्षक हेमलता परिहार, पीएसआई लता सिंह, महिला रक्षा टीम के सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्राओं की सुरक्षा और जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## खेत जोताई पर विवाद, बेटों ने पिता और भाई पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भीरागांव में जमीन विवाद को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक पिता ने अपनी पहली पत्नी के दो बेटों पर खेत जोतने से रोकने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस को सौंपे गए लिखित आवेदन के अनुसार ग्राम भीरागांव निवासी 55 वर्षीय कल्याण मांझी 17 जुलाई की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे अपने पुत्र जोसफ मांझी के साथ खेत में ट्रैक्टर से जोताई करवा रहे थे। इसी दौरान उनकी पहली पत्नी के दो बेटे, मनीष कुमार मांझी और अविनाश मांझी, वहाँ पहुँचे। उन्होंने कल्याण मांझी को जोताई करने से जबरन मना कर दिया और दावा किया कि पूरा खेत वे खुद जोतेंगे। आरोप है कि जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने गालियाँ देनी शुरू कर दीं। आरोपियों ने पीड़ित को डराते हुए कहा, ज्यादा बात करेगा तो हाथ काट दूंगा और जान से मार दूंगा। जब कल्याण मांझी के साथ मारपीट और गाली-गलौज होने लगी, तो वहाँ मौजूद उनके दूसरे पुत्र जोसफ मांझी ने बीच-बचाव करने और आरोपियों को समझाने का प्रयास किया। इस पर आरोपी और उग्र हो गए तथा उन्होंने पिता कल्याण मांझी और भाई जोसफ दोनों के साथ हाथ, थप्पड़ और लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार व अविनाश मांझी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सड़क किनारे पेड़ के मलबे के ढेर हादसे की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

नगर पंचायत पखांजुर में मुख्य सड़क किनारे स्थित एक विशाल वट वृक्ष को संभावित दुर्घटना की आशंका के चलते वार्डवासियों की शिकायत पर राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व काटा गया था। हालांकि पेड़ को काटे जाने के लगभग एक सप्ताह बाद भी उसका मलबा और लकड़ियां सड़क किनारे ही पड़ी हुई हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे फैला पेड़ का मलबा वाहनों को साइड देने में बाधा बन रहा है। खासकर बड़े वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यदि समय रहते मलबा नहीं हटाया गया तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। वार्डवासियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सड़क किनारे पड़े पेड़ के मलबे को हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पेड़ काटने के बाद मलबा हटाने की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग की है, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अब तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर सड़क किनारे पड़े मलबे को हटाए, ताकि आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## साप्ताहिक बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था शीघ्र सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के साप्ताहिक शुक्रवार बाजार में लगातार बढ़ रही यातायात अव्यवस्था को लेकर जागरूक युवा मंच ने थाना प्रभारी एवं निरीक्षक सुनील दुबे को ज्ञापन सौंपकर प्रभावी ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने की मांग की है। मंच का कहना है कि प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले बाजार में भारी भीड़, अनियंत्रित पार्किंग और सड़क किनारे लगने वाली दुकानों के कारण भीषण जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम लोगों के साथ एंबुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जागरूक युवा मंच के हरेश रावटे एवं अन्य सदस्यों ने ज्ञापन में बताया कि ब्लॉक मुख्यालय में बाजार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण और भारी वाहनों की आवाजाही से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। संगठन ने पूर्व में हुई सड़क दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए चेतावनी दी कि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ज्ञापन में प्रत्येक शुक्रवार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग, सड़क किनारे दुकानों का व्यवस्थित संचालन तथा दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित करने की मांग की गई है। साथ ही हाहालद्दी से दुर्गूकोंदल मार्ग पर भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू करने का भी आग्रह किया गया। मंच ने जनहित में मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## पखांजूर के योग व थेरेपी शिविर में स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर



सद्भावना भवन पखांजूर में गौ संरक्षक मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय योग एवं थेरेपी शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर का संचालन प्रख्यात योग शिक्षक एवं थेरेपिस्ट ईश्वर साहू ने किया। उनके साथ योग शिक्षक अमिताभ सरकार, प्रणव किर्तोनिया एवं गिरीश परमाणिक ने प्रतिभागियों को योग, प्राकृतिक चिकित्सा और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी। शिविर में पखांजूर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं, पुरुष, युवा और योग साधक शामिल हुए। योगाचार्यों ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम में एक्यूप्रेशर की सरल तकनीकों, जलनेती शुद्धि क्रिया तथा योग थेरेपी के व्यावहारिक प्रदर्शन भी किए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि शुगर, उच्च रक्तचाप, मोटापा, कमर दर्द, थायरॉइड, सर्वाइकल और श्वास संबंधी समस्याओं में योग एवं संतुलित दिनचर्या लाभकारी सिद्ध होती है। साथ ही स्वस्थ खान-पान और नियमित व्यायाम अपनाने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वास्थ्य संबंधी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त किया। समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

## युवक पर कुल्हाड़ी से पीछे से किया हमला, मामला दर्ज



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चौगेल ग्राम के संजयपारा में शुक्रवार शाम एक युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे पड़ोसी की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे विकाश विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि 17 जुलाई की शाम करीब साढ़े 7 बजे घर के बाहर पड़ोसी 27 वर्षीय बलराम नेताम पिता अशोक नेताम के साथ सामान्य बातचीत कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला श्यामसिंह मरकाम उर्फ बुढ़ादेव कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और पीछे से अचानक बलराम नेताम पर हमला कर दिया। हमले में कुल्हाड़ी बलराम के सिर पर लगी, जिससे वह घायल हो गया और उसके सिर से खून बहने लगा।

## डोमपदर शाला प्रबंधन समिति का सम्मान, किया पौधारोपण




**सरोना।** प्राथमिक शाला डोमपदर संकुल केंद्र जामगांव में शाला प्रबंधन शिक्षा समिति के नवगठित पदाधिकारियों के सम्मान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए समिति के पदाधिकारियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि संवल सिंह वट्टी ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन और अनुशासन का पालन करने का आह्वान किया। संस्था प्रमुख झाडूराम कोडोपी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों की प्रतिभा का सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्यालय परिसर और खेल मैदान में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक, ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिचंद शोरी ने की, जबकि ग्राम पटेल संवल सिंह वट्टी मुख्य अतिथि एवं पालक, ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और शिक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पैराडाइज स्कूल में योग और रोबोटिक्स का विद्यार्थियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में विद्यार्थियों के शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए विविध गतिविधियों का नियमित संचालन किया जा रहा है। विद्यालय में योग, ध्यान, एरोबिक्स, जुम्बा, मार्शल आर्ट, स्पोकन इंग्लिश, स्कूल सिनेमा और रोबोटिक्स जैसी विशेष कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय में प्रतिदिन योग, व्यायाम, मार्शल आर्ट तथा विभिन्न आउटडोर और इंडोर खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित हो रही है। वहीं बौद्धिक विकास के लिए प्रशिक्षित शिक्षक आधुनिक शिक्षण पद्धति, लेसन प्लान, प्रोजेक्ट, प्रैक्टिकल और पोर्टफोलियो के माध्यम से प्रभावी शिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही कम्प्यूटर एवं रोबोटिक्स का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा निखारने के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, गायन, नृत्य और संगीत की नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। नैतिक शिक्षा के अंतर्गत सर्वधर्म प्रार्थना, प्रेरक प्रसंग, नैतिक कहानियां तथा स्कूल सिनेमा के माध्यम से मानवीय मूल्यों का विकास किया जा रहा है। विद्यालय में समय-समय पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं पशु संरक्षण संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। इन सभी कार्यक्रमों का संचालन प्राचार्य रश्मि रजक, समन्वयक दीपांजली गोगोई एवं ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बस्तर विवि के मेरिट लिस्ट में लिकेश चौथे स्थान पर

**चारामा।** जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम जैसाकर्रा निवासी युवा कवि लिकेश धृतलहरे ने बस्तर विश्वविद्यालय की एमए हिंदी साहित्य सत्र 2024-25 की परीक्षा में मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक सावित्री मंडावी ने उनके निवास पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। लिकेश धृतलहरे को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए पूर्व में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अवार्ड-2022, राज्य गौरव अलंकरण सम्मान-2024 तथा कवि कोदूराम दलित साहित्य सम्मान-2025 सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनकी इस सफलता पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों और साहित्य प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## धर्मांतरण विवाद ने फिर पकड़ा तूल

# बर्रेबेड़ा में दो परिवारों का कथित गांव निकाला, प्रशासन हरकत में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में धर्मांतरण को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। हाटकोंगेरा के बाद अब अंतागढ़ विकासखंड के बर्रेबेड़ा गांव में दो धर्मांतरित परिवारों को कथित तौर पर गांव से बाहर निकाल दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्रामीणों ने दोनों परिवारों पर मूल धर्म में लौटने का दबाव बनाया, लेकिन सहमति नहीं बनने पर उन्हें सामान सहित गांव की सीमा से बाहर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई है।

कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड अंतर्गत बर्रेबेड़ा गांव में धर्मांतरण को लेकर लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के दो परिवारों ने धर्म परिवर्तन किया है, जिसके चलते कई बार बैठकों का आयोजन कर उनसे मूल धर्म में वापस लौटने का आग्रह किया गया। हालांकि दोनों परिवारों ने धर्म परिवर्तन से पीछे हटने से इनकार कर दिया इसके बाद ग्रामीणों द्वारा दोनों परिवारों को गांव से बाहर निकाल दिए जाने का आरोप सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिवारों का सामान भी गांव की सीमा से बाहर रख दिया गया, जिससे वे लगातार हो रही बारिश के बीच सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल तहसीलदार को मौके पर रवाना किया। उनके साथ संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस बल भी गांव पहुंचे, ताकि स्थिति का जायजा लेकर कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। प्रशासन दोनों पक्षों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गया है।

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत आत्मानंद स्कूल में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

शासन के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरहरपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का प्रेरक प्रयास है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश नाग ने कहा कि यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधे की जिम्मेदारी निभाए, तो विद्यालय के साथ पूरा क्षेत्र हराभरा बन सकता है। प्राचार्य डिलेवर साहू एवं मोहर साहू ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जाए। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के उप अभियंता हेमंत कोसमा, नितेश मगेद्र, मुकेश मंडावी, जेआर मरकाम, निरंजन सिन्हा, रामेश्वर साहू, प्रमोद निर्मलकर उपस्थित रहे।

# निजी स्कूलों में आरटीई, अपार आईडी शुल्क व सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी

### जिला एवं स्कूल प्रशासन की संयुक्त बैठक में प्रबंधन की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अशासकीय निजी विद्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निजी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश कुमार मंडावी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक नवनीत कुमार पटेल ने किया।

बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शासन द्वारा निर्धारित शिक्षा संबंधी नियमों, छात्र हितैषी योजनाओं और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक निजी विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और नियमसम्मत शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना भी विद्यालयों की जिम्मेदारी है।

### विद्यालयों की बसों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

*बैठक में विद्यालयों की बसों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। संस्था प्रमुखों को बसों की फिटनेस, वैध दस्तावेज, चालक-परिचालकों के लाइसेंस, फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र एवं परिवहन विभाग के सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।*

















